**डा. विजयलक्ष्मी साधौ** (मध्य प्रदेश): सर, मैं भी इसके साथ अपने को एसोसिएट करती हूं।

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इसके साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री रणविजय सिंह जूदेव** (छत्तीसगढ़): महोदय, मैं भी इसके साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री नरेंद्र बुढानिया** (राजस्थान): महोदय, मैं इसका समर्थन करता हूं।

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी इसका समर्थन करता हूं।

SHRIMATI AMBIKA SONI (Punjab): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

SHRI K. RAHMAN KHAN (Karnataka): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

KUMARI SELJA (Haryana): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

SHRI A.V. SWAMY (Odisha): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

SHRI JESUDASU SEELAM (Andhra Pradesh) Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

SHRI SHANTARAM NAIK (Goa): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

SHRI BHUBANESWAR KALITA (Assam): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

SHRIMATI RANEE NARAH (Assam): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Prabha Jha.

### Need to prohibit carrying of arms and firing in marriage functions

**श्री प्रभात झा** (मध्य प्रदेश): उपसभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान एक सामाजिक मसले की ओर ले जाना चाहता हूं। शादी के समय में लगभग सबके घरों में शादियां हुआ ही करती होंगी, होता ही होगा, लेकिन आजकल एक नई tendency और नई परंपरा शुरू हुई है, जिसके कारण निर्दोष लोगों की जानें जा रही हैं। शादी में लोग बंदूक, रिवॉल्वर लेकर जाते हैं और वे नशे में धुत्त रहते हैं। उनकी किसी को मारने की इंटेशन नहीं रहती है, लेकिन अभी हाल ही में 17 तारीख को दिल्ली में दूल्हे को ही गोली लग गई। ...**(व्यवधान)**... हनुमंत जी, अब यह हंसने का मामला नहीं है। ...**(व्यवधान)**... यह बहुत ही गंभीर मामला है। 17 अप्रैल को एक बच्ची को गोली लगी, जो छत पर खड़ी होकर बारात देख रही थी। वह छत पर खड़ी होकर बारात देख

[श्री प्रभात झा]

रही थी, तो वह क्या सपने देख रही होगी, उसकी कल्पना हम सब कर सकते हैं, लेकिन फायर हुआ और उसको गोली लग गई। 17 तारीख को उसको गोली लगी और 19 तारीख को वह मर गई। ऐसी ही घटना 10 अप्रैल को एक शादी में फायरिंग के दौरान बिहार के आरा जिले में हुई, जिसमें दो लोग घायल भी हुए और दो साल के एक बच्चे की मौत हो गई। 19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शादी के दौरान फायरिंग हुई है और एक महिला की मौत हो गई। उसी दिन मध्य प्रदेश में फायरिंग के दौरान पांच लोगों की मौत हो गई। सिर्फ 19 अप्रैल को देश भर में 40 घटनाएं घटीं। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है, उसके बावजूद ये घटनाएं घटती हैं। मैंने पहले कहा कि इसमें किसी की इन्टेंशन नहीं रहती होगी, लेकिन इस तरह से जो लोग फायरिंग करते हैं, बन्दूक लेकर जाते हैं, खुशी के माहौल में गम पैदा कर देते हैं, इससे सारी चीजें बिगड़ जाती हैं। यह समाज की सबसे बड़ी कुरीति है और कुछ रसूखदार लोग यह दिखाना चाहते हैं कि हम कैसी फायरिंग करते हैं और उसमें निर्दोषों की मौत होती है। वहां पर चार तरह के गुनाह होते हैं, इसलिए मेरा इस सदन से निवेदन है और भारत सरकार से निवेदन है कि इस पर कोई कानून बने। इसमें मज़ेदार बात यह है कि ऐसी घटनाओं में जो मरते हैं, उनको कोई पैसा नहीं दिया जाता है। जो दोषी हैं, उनको आईपीसी की धारा के अंतर्गत गिरफ्तार किया जाता होगा। मेरा सरकार से यह निवेदन है कि शादी व्यक्ति के जीवन में एक सबसे बड़ा उत्सव होता है, इसलिए वह इस पर कोई ऐसा कानून बनाए ताकि ऐसे खुशी के माहौल में गम का वातावरण न बने। इस पर इस तरह का कानून बनाए कि बारात में लोग साथ में बंदूक, रिवॉल्वर लेकर न जाएं और जो जाएं, उन्हें न जाने दें, उन्हें रोकें, इस तरह का कानून बनना चाहिए। यह मैं सबसे निवेदन करता हूँ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is a good point. Thank you. All are supporting.

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश)ः सर, मैं प्रभात झा जी के विषय से अपने को सम्बद्ध करते हुए यह कहना चाहता हूँ कि इन्होंने जो यह कहा कि इसमें कोई इन्टेंशन नहीं होती है, लेकिन मैं इसमें यह जोड़ना चाहता हूँ कि कई बार ब्याह-शादियों में इन्टेंशनली लोगों को मार दिया जाता है।

SHRIMATI AMBIKA SONI (Punjab): Sir, I also associate myself with the matter raised.

SHRI PARVEZ HASHMI (National Capital Territory of Delhi): Sir, I also associate myself with the matter raised.

SHRI V. HANUMANTHA RAO (Telangana): Sir, I also associate myself with the matter raised.

**श्री जावेद अली खान** (उत्तर प्रदेश)ः महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**†جناب جاوید علی خان (اتّر پردیش):** مہودے، میں بھی خود کو اس موضوع سے سمبدّ کرتا ہوں۔

† Transliteration in Urdu script.

**श्री भुपेंद्र यादव** (राजस्थान): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री विजय गोयल** (राजस्थान): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री के. सी. त्यागी** (बिहार): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री वी. पी. सिंह बदनौर** (राजस्थान): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री राज बब्बर** (उत्तराखंड): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्रीमती रजनी पाटिल** (महाराष्ट्र): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करती हूँ।

**श्री नारायण लाल पंचारिया** (राजस्थान): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री राम नारायण डूडी** (राजस्थान): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसा** (पंजाब): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**चौधरी मुनव्वर सलीम** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

†**چودھری منوّر سلیم (اتّر پردیش):** مہودے، میں بھی خود کو اس موضوع سے سمبدّ کرتا ہوں۔

**श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी** (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**डा. विजयलक्ष्मी साधौ** (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करती हूँ।

**श्रीमती मोहसिना किदवई** (छत्तीसगढ़): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करती हूँ।

†**محترمہ محسنہ قدوائی (چھتّیس گڑھ):** مہودے، میں بھی خود کو اس موضوع سے سمبدّ کرتا ہوں۔

**श्री अरविन्द कुमार सिंह** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री शमशेर सिंह डुलो** (पंजाब): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री आलोक तिवारी** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**श्री रणविजय सिंह जूदेव** (छत्तीसगढ़): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

SOME HON. MEMBERS: Sir, we also associate ourselves with the matter raised by Shri Jha.

**श्री उपसभापति**: इस मुद्दे पर सभी लोग सपोर्ट करते हैं।

---

† Transliteration in Urdu script.